सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 113 | इंदौर, शुक्रवार 08 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. J&K Assembly: जम्मू कश्मीर विधानसभा में 370 मुद्दे पर आज फिर हंगामा, विधायकों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई
2. SC: 'अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार', सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला
3. US: 'अगले चुनाव में उनका खेल खत्म', ट्रंप के सत्ता में आते ही एलन मस्क ने बताया कनाडाई PM ट्रूडो का भविष्य
4. Salman Khan: सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने फिर दी धमकी, मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम को किया मैसेज
5. Maharashtra: 'मैंने अनुरोध नहीं किया, यह लड़ाई परिवार के भीतर है', बारामती में PM की रैली न होने पर अजित पवार

**चिटफंड कंपनी : 2 एक्ट के बाद भी**

# 13 साल से नहीं मिले पैसे, फिर आए 10 हजार 600 से अधिक आवेदन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**ग्वालियर। पैसा जल्द डबल करने की लालच डेढ़ लाख निवेशकों को ले डूबी। वर्तमान में इन्हें पैसा वापस दिलाने के लिए दो एक्ट चलन में हैं पर सिस्टम की पेचीदगी पैसा दिलाने में मदद करने की स्थिति में नहीं हैं। इसी झंझट में 13 साल गुजर गए हैं। निराश हो चुके निवेशकों ने केंद्र सरकार के वर्ष 2019 में बने अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम के तहत पैसा वापस मिलने की उम्मीद में फिर से आवेदन जमा किए। इनकी संख्या 10 हजार 600 से अधिक है। दूसरी बार जमा हुए इन आवेदनों की कलेक्ट्रेट में छंटनी चल रही है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया होगी।**

दूसरी बार जमा हुए आवेदनों में एक व्यक्ति ऐसा भी है जिसने उत्कल मल्टी क्रेडिट कॉ-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में 80 बार निवेश किया। जल्द पैसा डबल करने वाली इसी कंपनी में मानिक चौधरी ने 8 साल पहले 8 लाख रुपए और दो भाई अजय तथा अभय ने 20 लाख निवेश किए। इन्हें एजेंट आज भी भरोसा दे रहा है कि पैसा वापस मिलेगा। मानिक ने कहा कि कुछ दिन पहले कलेक्ट्रेट में पैसा वापसी का आवेदन कर दिया है। वहीं इस कंपनी के एजेंट भरत प्रजापति ने कहा कि वे ग्राहकों के पैसों की वापसी के लिए मंत्रियों से पत्र लिखवाकर कलेक्टर से मिल चुके हैं। उन्हें उम्मीद है कि अभी पैसा वापस मिलेगा।

**कार्रवाई के लिए ये दो एक्ट पर अफसर गंभीर ही नहीं-** मप्र निक्षेपकों के हितों का संरक्षण



अधिनियम 2000 के तहत कलेक्टर को चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई का अधिकार है। इसके तहत 1 लाख 47 हजार से अधिक आवेदन जमा हो चुके हैं। पैसा वापसी सिर्फ 4 हजार निवेशकों को सिर्फ 12 करोड़ मिले हैं, फिलहाल कार्रवाई बंद है। केंद्र सरकार का अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम (वड्स) 2019 में बना। इस पर कार्रवाई 2024 में प्रारंभ हुई। प्रशासन ने 17 मार्च से 16 मई के बीच शासन को कई पत्र लिखे। इसके बाद संभाग आयुक्त को इस मामले में कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया पर कार्रवाई चालू नहीं हो सकी है। इसके तहत 10 हजार 600 से ज्यादा आवेदन जमा हो चुके हैं।

**कंपनी पहले 33 थीं अब संख्या बढकर 160 पहुंची-** वर्ष 2011 में चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई चालू हुई थी। तब जिले में इनकी संख्या 33 थी। सर्वाधिक निवेशक परिवार डेयरी के निकले। आवेदन जमा होने पर चिटफंड कंपनियों की संख्या 160 तक पहुंच गई। वर्तमान में जो आवेदन जमा हुए हैं वह 136 कंपनियों से जुड़े हैं। छंटनी की प्रक्रिया पूरी होने पर अभी इनकी संख्या और बढ़ सकती है।

**पहले बाबा, अब नाती ने किया आवेदन, उम्मीदें टूटी-** आठ साल पहले 20 हजार रुपए का निवेश कर चुके बुजुर्ग रामेश्वर जाटव को अब न तो कंपनी याद है न तारीख। उनके परिजन ने कहा कि घर में सिर्फ एफडी रखी हैं। ऐसे ही कमल किशोर के नाती ने कहा कि नाना ने कई साल पहले लगभग 1 लाख जमा किए थे, किस कंपनी में और कब यह याद नहीं है। एडीएम दफ्तर में आवेदन को दुबारा जमा करवा दिया है।

प्रशासन अब तक 55 से ज्यादा चिटफंड कंपनियों की संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगा चुका है। इसके बाद भी कलेक्टर तक आए दिन रोक के बाद भी चिटफंड कंपनी की संपत्तियों की रजिस्ट्री होने की शिकायतें पहुंच रही हैं।

### नए बड्स एक्ट में चल रही है आवेदन की छटनी

**'नए बड्स एक्ट के तहत हाल में जो आवेदन जमा हुए हैं उनकी छंटनी चल रही है। कई चिटफंड कंपनी ऐसी हैं जिनके आवेदन पहले भी जमा हो चुके हैं। इन्हें अलग किया जा रहा है। कुछ ऐसे आवेदन भी जमा हुए हैं जो बाहरी कंपनियों के हैं।। लगभग 15 कंपनियों की संपत्ति कुर्क के प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं।'**

**- टीएन सिंह, एडीएम**

**बिजली के मामलों को लेकर अंतरविभागीय समिति होगी गठित**

# कलेक्टर-एसपी के पास होगी बकायादारों के परिजनों की बैंक डिटेल, वसूली कराएंगे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**भोपाल**। अब जिलों में कलेक्टर, एसपी, नगर निगम आयुक्त बिजली के बकाया की वसूली करवाएंगे। बकायादार बिजली उपभोक्ताओं के परिजनों के बैंक खातों की डिटेल भी इन अधिकारियों के पास होगी। कौन उपभोक्ता गलत सब्सिडी ले रहा है, यह भी मालूम करेंगे। दरअसल राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय विद्युत अंतर्विभागीय समन्वय समिति का गठन किया है। इस समिति में कलेक्टर पदेन अध्यक्ष होंगे। पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सदस्य होंगे। वहीं विद्युत वितरण कंपनी के एसई और ओएंडएम के महाप्रबंधक सदस्य एवं संयोजक होंगे।

### समिति के पास होंगी ये जिम्मेदारियां

बकाया राशि वाले क्षेत्रों एवं उपभोक्ताओं को चिह्नांकित करना।

1. उपभोक्ताओं का केवाईसी करवाना, जिससे डाटा एनालिसिस के आधार पर पात्र उपभोक्ताओं की पहचान की जा सके।
2. ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान करना, जो जान-बूझकर लंबे अरसे से बिजली बिल नहीं भर रहे हैं।
3. समिति उपभोक्ताओं व उनके परिजनों के बैंक खातों की जानकारी लेकर मध्य प्रदेश गवर्नमेंट इलेक्ट्रिकल अंडरटेकिंग (ड्यूज़ रिकवरी) एक्ट 1961 के अंतर्गत बैंक खाते के माध्यम से राशि वसूलेंगे।
4. वसूली के दौरान बिजली कर्मियों के साथ होने वाले अभद्र व्यवहार और मारपीट की स्थिति में दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।
5. अवैध कालोनी सहित अन्य रहवासी क्षेत्रों में बिजली चोरी की रोकथाम के प्रति जन जागरूकता अभियान शुरू कराएंगे।
6. अवैध कॉलोनी के प्रकरणों में बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के लिए योजना तैयार करेंगे।
7. भोपाल में बिजली कंपनी ने 1400 से ज्यादा ऐसे घर चिह्नित कर लिए हैं, जहां एक से ज्यादा मीटर लगे हैं। कंपनी द्वारा अब इनके बिलों का एनालिसिस किया जा रहा है।

# निगम का बड़ा एक्शन, अवैध रूप से बन रहे होस्टल किये सील



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** सवार्नंद नगर में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई शुरू की है। गुरुवार सुबह यहां बने 5 अवैध निमार्णाधीन भवनों (होस्टल) को सील किया है, संत नगर में भी एक भवन को सील किया है। साथ ही अन्य 3 निमार्णाधीन भवनों का काम रोककर बिल्डिंग मटेरियल जब्त किया है। साथ ही कुछ भवनों के हिस्सों को तोड़ा गया।

कार्रवाई निगम उपायुक्त लता अग्रवाल के नेतृत्व में जोन-13 में की गई। बिल्डिंग ऑफिसर विजय सिंह जादौन ने बताया कि इन क्षेत्रों के रहवासियों ने शिकायत की थी। इस पर निगम की टीम ने सुबह यहां पहुंचकर निमार्णाधीन भवनों का मचान सहित कुछ अस्थाई हिस्सा हटाया। इन भवनों के मालिकों द्वारा निर्माण की अनुमति नहीं ली थी। इन भवनों को होस्टल के लिए उपयोग करने का प्लान था। निगम ने सवार्नंद नगर के प्लाट नंबर 38,39, 69-बी, 48 और 25-बी पर बने निमार्णाधीन भवनों को सील किया। इसके साथ ही निर्माण के लिए रखे बिल्डिंग मटेरियल को भी जब्त किया। इसी कड़ी में 128 संत नगर के भवन को भी सील कर मटेरियल जब्त किया हैं। टीम ने 162 ब्रह्मपुरी, 178 संत नगर, जगजीत नगर पर भी काम रोककर मटेरियल जब्त किया।

छठ महापर्व का तीसरा दिन ...

# व्रतधारी महिलाओं ने शाम को जलकुण्ड में खड़े होकर सूर्य को दिया अर्घ्य, चूल्हे पर बनाए पकवान

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। पूरे देश के साथ इंदौर शहर में भी चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। व्रतधारी महिलाओं शाम को जलकुण्ड में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।**

श्रद्धालुओं के मुताबिक खरना के बाद वाले दिन सुबह से ही महिलाएं ठेकुआ, गुजिया, पुड़ी, पुआ सहित अन्य पकवान तैयार करती हैं। ये सारे पकवान मिट्टी के चूल्हे पर पकाए जाते हैं। इसके बाद सूप में फल, ठेकुआ और सारे पकवानों को सजा कर टोकरी में बांध कर घाट ले जाया जाता है। शाम को व्रती सूर्यास्त के समय कमर भर पानी में खड़ी होकर सूर्य देव को फल और पकवान से भरा सूप लेकर संध्या अर्घ्य देती हैं। संध्या अर्घ्य के बाद व्रती वापस घर लौट आती हैं। दूसरे दिन सुबह वापस फलों और पकवानों से सूप सजाकर लकड़ी की टोकरी में रख ली जाती है। सूर्योदय से पहले घाट जाकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती छठ मैया से सुख समृद्धि की कामना करेंगी। सुबह के अर्घ्य के बाद व्रती घर आकर पारण करती हैं। इसके बाद घाट पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को ठेकुए का प्रसाद बांटा जाएगा।



युवाओं को इंटर्नशिप के लिए सुनहरा मौका

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में करें आवेदन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना हैं। यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यवसायिक वातावरण से अवगत करवाना है, जिससे उन्हें व्यावहारिक कौशल एवं कायार्नुभव प्राप्त करने में मदद मिल सके। साथ ही इंटर्नशिप के दौरान उद्योग-उन्मुखी प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण एवं नियमित रोजगार प्राप्त करने की योग्यता अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा। पीएम इंटर्नशिप के तहत ऐसे युवा पात्र होंगे, जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के मध्य हो, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं या उससे उच्च (प्रत्येक इंटर्नशिप की वांछित योग्यता अनुसार) हो तथा वे पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा में नहीं हो। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को प्रतिमाह 5000 रु. स्टाइपेण्ड एवं इंटर्नशिप पूर्ण होने उपरांत एकमुश्त राशि रु. 6000 प्राप्त होगी। इस इंटर्नशिप की अवधि 12 माह की होगी। दिनांक 04 नवंबर 2024 तक में प्रदेश में उपलब्ध कुल 5186 इंटर्नशिप अवसरों के विरुद्ध 14460 आवेदन प्राप्त हुए है। आवेदनों की संख्या कुल उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों के अनुपात में कम से कम 03 गुणा होना अपेक्षित है।

# ऑडिट विभाग के अधिकारियों की वित्त मंत्री से शिकायत

## नगर निगम घोटाले में जिन्हें पुलिस ने आरोपी बनाया उन पर कार्रवाई करे विभाग

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** नगर निगम में बिना काम किए बिल मंजूर करने के मामले में आरोपी बनाए गए ऑडिट विभाग के अधिकारियों की शिकायत वित्त मंत्री और वित्त विभाग के प्रमुख सचिव तक पहुंच गई है। यह शिकायत एडवोकेट राजेश यादव ने की है। उन्होंने शिकायत में पुलिस द्वारा आरोपी बनाए गए अधिकारियों और उन्हें संरक्षण देने वाले अफसरों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यादव ने शिकायत में लिखा कि सहायक संचालक शरद कतरोलिया, सहायक संपरीक्षक पूनम चतुर्वेदी, सौम्या शुक्ला, वरिष्ठ संपरीक्षक जगतसिंह ओहरिया और कार्यालय से सेवानिवृत्त उपसंचालक अरुण शुक्ला को नगर निगम में हुए घोटाले के तहत अपराध क्रमांक 156/24 में भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 467, 468, 471, 474, 120 (बी), 34 के तहत आरोपी बनाया गया है। पुलिस इन आरोपियों की तलाश कर रही है।

कटाक्ष




# ट्रैफिक सुधार और कान्ह की सफाई के लिए प्रयास तेज करेगा अभ्यास मंडल

## युवाओं के लिए कार्यशाला भी होगी, दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** युवाओं को संस्कारित करने तथा उनमें नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से अभ्यास मंडल युवाओं के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित करेगा तथा कान्ह, सरस्वती नदी के शुद्धिकरण एवं शहर के यातायात को सरल और सुगम बनाने में सहयोग देने के उद्देश्य से भी विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रयास किए जाएंगे। अभ्यास मंडल परिवार द्वारा जाल सभागृह गृह में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में यह निर्णय लिया गया।

युवाओं में नेतृत्व विकास और सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने के विषय पर चर्चा की गई, जिसमें यह निष्कर्ष निकला कि आगामी दिनों में युवाओं के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाए, साथ ही शहर में अवस्थित यातायात के कारण, नागरिकों को हो रही असुविधाओं एवं कठिनाइयों को देखते हुए यातायात सुधार हेतु नागरिकों के साथ मिलकर, विभिन्न प्रयास किया जाएं। कान्ह एवं सरस्वती नदी के शुद्धिकरण के लिए भी किए जा रहे प्रयासों में और तेजी लाकर सोशल ऑडिट कराया जाए एवं नगर निगम, जिला प्रशासन एवं शासन को कान्ह, सरस्वती नदी के शुद्धिकरण में तेजी लाने एवं सार्थक नतीजा निकले, शुद्ध जल बहे इसके लिए ठोस प्रयास करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास करने का भी निर्णय लिया गया।

8 नवंबर को अभ्यास मंडल के कार्यकर्ता एवं नागरिक शाम 6 बजे कृष्ण पुरा छत्री स्थित घाट पर दीप प्रज्वलित करेंगे। इस मौके पर सर्वश्री मनोहर देव, गौतम कोठारी, आलोक खरे, पत्रकार अरविंद तिवारी आदि ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन माला सिंह ठाकुर ने तथा अंत में अशोक कोठारी ने आभार व्यक्त किया।

# एयरपोर्ट की रैकिंग में सुधार 4 नंबर पर पहुंचा

## 12 से सीधे 4 नंबर पर आया; अब केवल चेन्नई, गोवा, कोलकाता हमसे आगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुविधाओं के मामले में जबरदस्त सुधार किया है। एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे में अब इंदौर एयरपोर्ट देश में चौथे और विश्व में 66 वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछली तिमाही में इंदौर एयरपोर्ट भारत में 12 वें और विश्व में 90 वें स्थान पर था। इस बार इंदौर ने पूरे देश में सबसे अधिक 0.25 अंकों का सुधार किया है। यह सर्वे देश के 15 एयरपोर्ट पर किया गया।**




एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर रात एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस साल की तीसरी तिमाही यानी जुलाई, अगस्त और सितंबर के परिणाम जारी किए है, जिसमें इंदौर को 4.91 अंक मिले है। जबकि इससे पहले की तिमाही में इंदौर को पांच में से 4.66 अंक मिले थे। हमारे एयरपोर्ट ने बीते तीन माह जबरदस्त सुधार किया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि इस रिपोर्ट के अनुसार देश में नंबर 1 एयरपोर्ट का दर्जा प्राप्त करने वाले चेन्नई एयरपोर्ट को 4.93, गोवा एयरपोर्ट को 4.92 और कोलकाता एयरपोर्ट को 4.92 अंक मिले है। हमारा एयरपोर्ट देश में चौथे स्थान पर है।

### इस साल की दो तिमाही में 12 वें नंबर पर था एयरपोर्ट

इंदौर एयरपोर्ट जो कभी देश में पहले स्थान पर था वह इस साल की शुरूआती दो तिमाही में देश में लगातार दो बार 12वें नंबर पर रहा था। इसके बाद तत्कालीन एयरपोर्ट डायरेक्टर सीवी रविन्द्रन का तबादला कर कर वीके सेठ को इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर बनाया गया था।

### ऐसे तय होती है रैकिंग

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा देश के ऐसे एयरपोर्ट जहां सालाना यात्री संख्या 18 लाख से ज्यादा है, वहां एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) से एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी सर्वे करवाया जाता है। इसमें इंदौर सहित देश के 15 एयरपोर्ट शामिल हैं। इसमें एसीआई की टीम एयरपोर्ट पर यात्रियों से एयरपोर्ट पर मिलने वाली सुविधाओं को 31 बिंदुओं में बांट कर 1 से 5 अंक तक देने को कहती है। 1 सबसे बुरी स्थिति के लिए और 5 सबसे अच्छी स्थिति के लिए। इस सर्वे के आधार पर ही एयरपोर्ट की देश में और एशिया पैसेफिक में रैंक तय होती है।

### पहली बार सभी पॉइंट में बढ़े नंबर

सर्वे के 33 बिन्दुओं में से इंदौर के केवल सुरक्षा स्क्रीन और चेक इन काउंटर तलाशने में आसानी जैसे पॉइंट पर अंक कम मिले है। शेष सभी 31 पॉइंट पर इंदौर एयरपोर्ट ने सुधार किया है।

## एक्टिवा की डिक्की से उड़ाए हजारों रूपए

### दुकान के कर्मचारी को बातों में उलझाकर की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कॉस्मेटिक दुकान के कर्मचारी के साथ ठगी हो गई। आरोपियों ने कर्मचारी को रास्ते में रोककर बातों में लगाने के बाद स्कूटर की डिक्की से रूपए निकाले और फरार हो गए। पुलिस ने त्योहार के बाद फुटेज खंगाले। जिसमें दो आरोपी दिखाई दिये है, जिनकी तलाश की जा रही है। जूनी इंदौर पुलिस ने बताया कि 26 अक्टूबर को ऋतिक तायडे निवासी मेघदूत नगर के साथ हुई वारदात के मामले में केस दर्ज किया गया है। ऋतिक ने पुलिस को बताया कि वह कॉस्मेटिक प्रोडक्ट की मार्केटिंग करता है। 26 अक्टूबर की रात में रानी पुरा से रूपए का कलेक्शन कर करीब 65 हजार रूपए स्कूटर की डिक्की में रखकर खाती वाला टैंक में मालिक कार्तिक भुटानी के यहां देने जा रहा था। तभी जूनी इंदौर ब्रिज पर दो आरोपियों ने उसे रोका, जिसमें से एक युवक बात करते हुए गाड़ी से दूर ले गया। वही दूसरे ने इसी बीच डिक्की में रखे रूपए निकाले। जब मालिक के घर पहुंचा तो डिक्की में रूपए नही मिले। तब उन्हें वारदात की जानकारी दी। इसके बाद वे थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खगाले तो पता चला कि दोनों लडके ऋतिक का रानीपुरा से पीछा करते हुए नजर आए है। फुटेज के आधार पर पुलिस अब वारदात करने वाले दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बहाना बनाकर वृद्ध को लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 62 साल के बुजुर्ग किराना व्यापारी से लूट की वारदात हो गई। आरोपियों ने उन्हें बच्ची से टक्कर होने का बहाना बनाकर रोका ओर मोबाइल छीन कर 15 हजार रूपए मांगने लगे। इसके बाद पर्स में रखे 7 हजार से अधिक रूपए लूटने के बाद खाली पर्स और मोबाइल सामने ही फेंककर चले गए। तिलक नगर पुलिस ने वीर कुमार सिंह निवासी स्कीम नंबर 78 की शिकायत पर अज्ञात स्कूटर सवार दो बदमाशों पर केस दर्ज किया है। वीर सिंह ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह किराना की दुकान का संचालक करते है। अपने मित्र हरेंद्र सिंह से मिलने के लिये मूसाखेड़ी इलाके में 4 नवंबर की दोपहर स्कूटर से जा रहे थे। वल्ड कप चौराहे के यहां पर उन्हें पीछे से आकर दो स्कूटर सवार ने रोका ओर कहा कि वह एक 12 साल की बच्ची को टक्कर मारकर आए है। इस पर बुजुर्ग ने इनकार किया तो एक लडका मोबाइल पर बात करते हुए कहने लगा कि तुम बच्ची को अस्पताल लेकर चलो, मैने टक्कर मारने वाले को पकड़ लिया है। इसके बाद 15 हजार की डिमांड की। जब वीर सिंह ने अपना मोबाइल निकाला तो बदमाशों ने हाथ से ले लिया। इसके बाद जेब से पर्स में रखे 7 हजार 2 सौ रूपए निकाले और गाड़ी पर बैठकर जाने लगे। दोनों ने खाली पर्स और मोबाइल सडक पर ही वीर सिंह के सामने फेंक दिया और भाग गए। वीर सिंह ने पुलिस को बताया कि दोनों की स्कूटर पर नंबर भी नही थे। अपने रिश्तेदार हरेंद्र को मोबाइल पर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वह उन्हें थाने लेकर पहुंचे। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों

## इंदौर में रहने वाले एएसआई ने खुद को गोली मारकर किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर/आलीराजपुर। आलीराजपुर में एक एएसआई ने अपनी ही सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वे पुलिस बटालियन 34वीं वाहिनी कैंप में पदस्थ थे। घटना गुरुवार शाम करीब 4 बजे की है। बताया जा रहा है कि वे मोबाइल पर बात कर रहे थे, इसी दौरान उन्होंने सुसाइड कर लिया। एएसआई का नाम रविंद्र परमार (60) है। वे इंदौर के मरीमाता क्षेत्र स्थित रामबाग कॉलोनी के रहने वाले थे। रविन्द्र परमार जुलाई महीने से आलीराजपुर में पदस्थ थे। मौके पर पहुंचे इंदौर डीआईजी निमिष अग्रवाल ने बताया कि रविंद्र परमार की सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टया मर्ग कायम जांच की जा रही है। जांच के बाद पता चलेगा मामले की क्या वजह रही। एडीजी डीजी सागर और इंदौर ग्रामीण डीआईजी निमिष अग्रवाल का गुरुवार को अलीराजपुर दौरे पर थे। एएसआई रविंद्र परमार एडीजी डीजी सागर के फॉलो पर ड्यूटी पर थे। दोपहर 3:00 बजे के बाद वह अपनी ड्यूटी खत्म कर कैंप पर पहुंचे। इस दौरान वे किसी से मोबाइल पर चर्चा कर रहे थे, तभी उन्होंने अपने आप को गोली मार ली। रविंद्र परमार जुलाई महीने में ही अलीराजपुर पदस्थ हुए थे। उनकी उम्र लगभग 60 वर्ष थी और 2 वर्ष बाद उनका रिटायरमेंट भी था।

## इंदौर की कंपनी का पश्चिम अफ्रीकी देश घाना से एमओयू

### पर्यावरण संरक्षण के लिए 10 लाख कुकिंग स्टोव फ्री बांटेगी घाना सरकार, भारत से होंगे एक्सपोर्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की कंपनी बेटर प्लेनेट फुटप्रिंट्स ने पश्चिम अफ्रीकी देश घाना के साथ एक एमओयू साइन किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत घाना की सरकार 5 साल में 10 लाख कुकिंग स्टोव मुफ्त बांटेगी। ये स्टोव भारत में तैयार किए जाएंगे और घाना को एक्सपोर्ट किए जाएंगे। इससे पांच साल में डेढ़ करोड़ कार्बन क्रेडिट जनरेट होंगे।**

कंपनी के एमडी राजू सेठ ने बताया कि घाना के ऊर्जा मंत्रालय के साथ यह साझेदारी जीवन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी। हमारे द्वारा निर्मित कुकिंग स्टोव काफी हद तक ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करते हैं। इससे स्वास्थ्य पर भी बुरा असर नहीं पड़ता। उन्होंने बताया कि घरेलू वायु प्रदूषण, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और वनों की कटाई के नियंत्रण के लिए दस लाख स्टोव का निर्माण और वितरण किया जाएगा। प्रत्येक स्टोव से एक साल में कार्बन उत्सर्जन 2.5 से 3.0 मीट्रिक टन कम होगा, जो पर्यावरण के लिए लाभकारी होगा।

## व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य



इंदौर। सूर्य उपासना का यह पावन पर्व शुक्रवार सुबह 6.35 बजे उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। अर्घ्य के बाद व्रतियों द्वारा ठेकुआ और फलों का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इससे पर्व की पवित्रता और सामूहिक सौहार्दता का संदेश जन-जन तक पहुंचा।

## कार ने ली बुजुर्ग की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक बुजुर्ग की हादसे में मौत हो गई। वह अपने ससुराल में भाईदूज का निमंत्रण देने गए थे। यहां से वापस आ रहे थे। तभी उन्हें कार ने चपेट में ले लिया। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक रामसिंह (62) पिता मथुरासिंह राठौर, निवासी पाटनीपुरा शनिवार शाम पिपलियाहाना के यहां हादसे का शिकार हो गए थे। उन्हें ससुराल पक्ष के लोग एमवाय लेकर पहुंचे थे। यहां बुधवार रात में रामसिंह की मौत हो गई। बेटे अरूण ने बताया कि रामसिंह की मोपेड को एक तेज र तार कार ने सामने से टक्कर मार दी थी। परिवार के लोगों ने बताया कि रविवार को उनके घर पर भाईदूज का प्रोग्राम होना था। पिपल्याहाना में वह अपने सालों को निमंत्रण देने गए थे। रामसिंह के परिवार में तीन बेटी और दो बेटे हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# भाजपा सरकार दूध के ऊपर भी बोनस देगी

## विजयपुर के अगरा गांव में सीएम ने सभा को संबोधित किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर।** विजयपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर गुरुवार को भाजपा और कांग्रेस की अलग–अलग जगह सभाएं हुईं। बड़े चेहरों के रूप में कांग्रेस की तरफ से राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट और भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिरकत की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार शाम 4 बजकर 5 मिनट पर विजयपुर के अगरा गांव पहुंचे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के बाद 4.22 बजे उन्होंने अपना भाषण शुरू किया और 4 बजकर 37 मिनट पर खत्म कर दिया। उन्होंने सबसे पहले देर से आने के लिए हाथ जोड़कर माफी मांगी। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के समर्थन में वोट मांगा। सीएम ने घोषणा की कि आने वाले समय में भाजपा सरकार दूध के ऊपर भी बोनस देगी। उन्होंने गोमाता पर अत्याचार करने वालों को 7 साल की सजा का प्रावधान कराने का भी जिक्र किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना, हेलिकॉप्टर योजना, गेहूं पर बोनस, प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र किया। इसके बाद कांग्रेस के 30 से 40 साल के शासन की आलोचना की। उनका कहना था कि कांग्रेस के समय गरीबों को इलाज के लिए हेलिकॉप्टर नहीं मिलते थे, बल्कि उनके नेता अपने घरों हेलिकॉप्टर उतारते थे। कांग्रेस के समय अंधेरा रहता था, किसानों को पानी भी नहीं मिलता था।सीएम ने कहा कि क्षेत्र में जो बांध बन रहा है, उससे यहां के किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। भाजपा की सरकार ही खेतों में किसान और सीमा पर जवानों की चिंता करती है।



### डाकुओं के दम पर जीतती थी कांग्रेस

सीएम ने कहा– कांग्रेस के समय में यहां डाकू घूमते थे। उन्होंने डाकुओं के दम पर अपने लोगों को जिताया। सीएम ने अपने भाषण में पाकिस्तान का भी जिक्र किया। उनका कहना था कि आज मोदी की सरकार पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारती है। कार्यक्रम में कुंअर गोपाल सिंह के साथ धाकड़ समाज कई लोग कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए। बता दें यहां मुख्यमंत्री की सुबह 11 बजे सभा होनी थी।

# टीचर ने छात्रों के बैग को बनाया तकिया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर के मझौली तहसील स्थित प्राथमिक शाला नंदग्राम में पदस्थ एक टीचर का वीडियो सामने आया है। वीडियो में टीचर बच्चों के बैग पर सिर और पैर रखकर सोते हुए नजर आ रहे हैं। टीचर का नाम विनोद मांझी बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा अधिकारी ने टीचर विनोद मांझी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। हालांकि वीडियो के संबंध में टीचर मांझी ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उसकी तबीयत खराब थी, इसलिए वह सो गया था। बीईओ का कहना है कि इससे पहले भी विनोद मांझी के खिलाफ शिकायतें आ चुकी हैं।

# उप निरीक्षक, रक्षित निरीक्षक और सूबेदारों के तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में तबादलों का क्रम जारी है, कार्य सुविधा के हिसाब से राज्य शासन अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादला आदेश जारी करती है, आज मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल ने तबादला सूची जारी की है जिसमें उप निरीक्षक, रक्षित निरीक्षक और सूबेदारों के नाम शामिल हैं।

PHQ द्वारा जारी दो अलग अलग आदेश में 12 उप निरीक्षकों, एक रक्षित निरीक्षक यानि आर आई और एक सूबेदार का नाम शामिल है, एक आदेश में रक्षित निरीक्षक शहडोल दीपेंद्र सिंह कुशवाह को वहां से हटाकर यातायात निरीक्षक सिंगरौली पदस्थ किया है और अलीराजपुर में पदस्थ सूबेदार ब्रजलाल रोकड़े को शहडोल पदस्थ किया है। एक अन्य आदेश में जबलपुर में पदस्थ उप निरीक्षक शेष नारायण दुबे को सिंगरौली, सीहो में पदस्थ जिनास्तिका धुर्वे को बड़वानी सीहोर में पदस्थ कृष्णा मंडलोई को बड़वानी, अशोकनगर में पदस्थ जया दांगी को राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो पुलिस मुख्यालय भोपाल, रायसेन में पदस्थ रंजना शर्मा को छिंदवाड़ा, सागर में पदस्थ शैलेन्द्र सिंह ठाकुर को इंदौर (शहर), इंदौर (ग्रामीण) में पदस्थ ज्योति राजपूत को सागर, जबलपुर में पदस्थ रिषभ बघेल को कटनी, GRP जबलपुर में पदस्थ आकांक्षा सिंह को जबलपुर, पन्ना में पदस्थ मेघा मिश्रा को कटनी, अशोकनगर में पदस्थ रचना झा को राज्य साइबर सेल पुलिस मुख्यालय भोपाल और सीहोर में पदस्थ उप निरीक्षक सुनीति सिंह को राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो पुलिस मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया है।

# परिजनों के सामने गेट से कूदकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडलेश्वर (खरगोन)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलावड़ में 12वीं में पढ़ाई कर रहे 17 वर्षीय छात्र राज ओसारी ने स्कूल में मोबाइल चलाने से मना करने पर जाम गेट से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना ने शोक का माहौल बना दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला गुरुवार सुबह का है। 12वीं का छात्र राज ओसारी निवासी काकड़खोदरी बुधवार को स्कूल में मोबाइल से सेल्फी ले रहा था, जिसे देखकर एक शिक्षक ने उसे मोबाइल स्कूल में न लाने की समझाइश दी। इसके बाद राज छात्रावास चला गया और शिक्षक ने इस जानकारी को प्राचार्य केसी सांड को दी। प्राचार्य ने छात्र के पिता और चाचा को स्कूल बुलवाया, लेकिन उनका भी समझाना बेकार रहा। इसके बाद राज छात्रावास से भाग निकला और शाम को ढूंढकर उसे छात्रावास वापस लाया गया।

# पूर्व मंत्री दीपक जोशी फिर बीजेपी में शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के बेटे और पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने फिर भाजपा का दामन थाम लिया है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र के नांदनेर में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनाव से पहले दीपक जोशी कांग्रेस में शामिल हुए थे और खातेगांव सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था, हालांकि उन्हें 12,542 वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था।



भाजपा में दीपक जोशी की वापसी का मामला पहले भी चर्चा में रहा है। आठ महीने पहले ही उनकी पार्टी में घर वापसी की तैयारी पूरी हो चुकी थी, लेकिन अंतिम समय में सहमति नहीं बनने के कारण यह कार्यक्रम टल गया था। तब दीपक जोशी ने स्वयं कहा था, 'मैं सुबह का भूला हूं, जो शाम को घर लौट आया हूं,' जिससे उन्होंने भाजपा में लौटने की इच्छा जाहिर की थी। दीपक जोशी की वापसी को भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, खासकर आगामी चुनाव के मद्देनजर। उनके लौटने से पार्टी को बुधनी क्षेत्र में शिवराज सिंह चौहान के साथ और अधिक मजबूती मिलने की संभावना है। दीपक जोशी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के बेटे और शिवराज सरकार में मंत्री रह चुके हैं। 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में आने के बाद जोशी की पार्टी में अहमियत घटने लगी। इसके साथ ही यह लगभग तय हो गया था कि 2023 के चुनाव में उनका टिकट कट जाएगा। इस कारण दीपक जोशी ने कांग्रेस का रुख किया। कांग्रेस में शामिल होते समय उन्होंने भावुक होकर आंसू भी बहाए थे। कांग्रेस में शामिल होने पर उन्हें खातेगांव से टिकट मिला और उन्होंने चुनाव लड़ा, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाए। चुनाव में हार के बाद जोशी का कांग्रेस से मोहभंग हो गया, और कुछ ही महीनों में उन्होंने बीजेपी में वापसी की तैयारी शुरू कर दी थी।

# बच्ची से दुष्कर्म, मां को झांसा लेकर जंगल में ले गया था युवक, खून से लथपथ हालत में बेसुध मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**गुना।** गुना जिले के म्याना इलाके में 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची अपनी मां के साथ बाजार गई थी। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मां को दुकान से कम पैसे वापस मिलने की बात कहकर बातों में लगाया और पैसे दिलवाने का भरोसे देकर बच्ची को अपने साथ ले गया। इसके बाद रात करीब 9:30 बजे बच्ची जंगल में बेसुध हालत में मिली। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बच्ची को गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिकी उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर कर दिय गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

दरअसल, सिरसी थाना प्रभारी को सूचना मिली कि एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई है। सूचना पर सिरसी थाने की टीम मौके पहुंची, घटना स्थल म्याना थाना क्षेत्र में होने के कारण वहां की पुलिस को भी सूचना दी गई। बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल रवाना किया गया। डॉक्टर धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि बच्ची की हालत बहुत गंभीर है, उसका ऑपरेशन किया गया है, फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता।

# 20 सेकेंड में हत्या, घर के बाहर खड़े युवक को गोलियां मारी, लोग देखते रहे; घटना सीसीटीवी में कैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर सिटी थाना क्षेत्र के गोपाल बाग सिटी में गुरुवार की रात दो बाइक सवार हमलावरों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने युवक पर तीन गोलियां चलाईं और 20 सेकेंड में हत्या कर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मृतक पैरोल पर बाहर आया था और हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।



डबरा की गोपाल बाग सिटी में रहने वाला जसवंत सिंह उर्फ सोनी सरदार (45) चीनौर क्षेत्र के ग्राम कैथी का निवासी था। वह दस दिन पहले ही जेल से पैरोल पर रिहा हुआ था। हर रोज खाना खाने के बाद वह कॉलोनी में घूमता था। गुरुवार रात को वह कुछ लोगों से बात कर रहा था, तभी दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां पहुंचे। उन्होंने जसवंत से कुछ बातचीत की और अचानक उस पर एक के बाद एक तीन गोलियां चलाई और फरार हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनकर कॉलोनी में भगदड़ मच गई। परिवार वाले पास की गली से दौड़ते हुए आए और जसवंत को तुरंत ग्वालियर ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। जसवंत सिंह ने वर्ष 2016 में ग्वालियर जिले के महाराजपुर क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर दी थी।

# संपादकीय

## स्विंग स्टेट' ने पलटी बाजी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर बाजी अपने नाम कर ली है। उन्होंने बहुमत के जरूरी आंकडे से कहीं अधिक मत हासिल कर लिए हैं। सर्वेक्षणों में नतीजे डेमोक्रेटिक उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पक्ष में जाते दिख रहे थे। मगर मतदान के आखिरी दिन कांटे की टक्कर नजर आने लगी। ट्रंप को उन सात राज्यों में भी बढत हासिल हुई, जो पलटी मारने वाले राज्य यानी 'स्विंग स्टेट' माने जाते हैं। हालांकि ये नतीजे हैरान करने वाले नहीं हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी उसी वक्त कमजोर पडने लगी थी, जब ट्रंप के आक्रामक चुनाव प्रचार के सामने राष्ट्रपति जो बाइडेन अपनी अस्वस्थता के चलते शिथिल नजर आने लगे थे। उसके बाद कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया गया। मगर पार्टी के भीतर ही उथल-पुथल शुरू हो गई थी। इस तरह कमला हैरिस को समय कम मिल पाया। हालांकि उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को कडी टक्कर दी और महिला मतदाताओं को लुभाने में कामयाब भी रहीं। मगर ट्रंप ने कमजोर अर्थव्यवस्था, महंगाई और अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर बाइडेन सरकार पर निशाना साधा, और उसका असर वहां के मतदाताओं पर पडा। हालांकि इन मसलों पर ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में भी बहुत आक्रामक ढंग से काम किया था। उसी का प्रभाव था कि इस बार के चुनाव प्रचार में वहां के कई बडे उद्योगपति भी उनके साथ मंच पर उतरे थे। अमेरिका की अर्थव्यवस्था हालांकि अब भी बहुत खराब नहीं है, मगर पहले की तुलना में उसकी रफ्तार धीमी जरूर पड गई है। उस पर मंदी की मार है। महंगाई अब तक के पचास वर्षों में सबसे ऊपर पहुंच गई है। रोजगार के अवसर सिकुड रहे हैं। ऐसे में ट्रंप ने वादा किया कि वे एक करोड अवैध प्रवासियों को देश से निकाल बाहर करेंगे, उन पर करोडों डालर खर्च हो रहा है, तो वहां के युवाओं में नए अवसर की उम्मीद जगी। पिछले कार्यकाल में भी उन्हें युवाओं का भरपूर समर्थन हासिल था। इसमें कोई दो राय नहीं कि ट्रंप आक्रामक ढंग से प्रशासन चलाने में विश्वास करते हैं और आर्थिक नीति तथा विदेश नीति को लेकर उनका रुख स्पष्ट है। वे रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि उसे रुकवा देंगे।

### अर्ज़ किया है..!

*लोग पत्थर के थे फ़रियाद*
*कहाँ तक करते*
*दिल के वीराने हम आबाद*
*कहाँ तक करते*

*- राशिद तराज़*

isha



**अगर जीवन आपको वह करने देता है जिसकी आप वाकई में परवाह करते हैं, तो यह सबसे बड़ा सौभाग्य है।**

**- जग्गी वासुदेव**

### महिला जगत

# मां-बेटी की जोड़ी ने किस्मत के सामने नहीं मानी हार

## संघर्षों से लड़कर खड़ा किया करोड़ों का कारोबार



मां और बेटी का रिश्ता बहुत खास और काफी मजबूत होता है। मां और बेटी अपने रिश्ते की मजबूती को समझ अगर सही राह तलाश लें तो क्या नहीं कर सकती हैं। ऐसी ही एक मां बेटी की जोड़ी है, जिसने किस्मत के सामने हार नहीं मानी, संघर्षों से लड़कर आगे बढ़ती रहीं और आज किसी की मदद की मोहताज नहीं हैं। शक्ति में आज का लेख इसी मां बेटी की जोड़ी पर आधारित है, जो उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जिनके पीछे किसी पुरुष का हाथ नहीं। वह खुद के दम पर भी समाज में रह सकती हैं और उन्नति की राह तलाश सकती हैं। आइए जानते हैं मां बेटी की इस जोड़ी जया और श्वेता शिवकुमार के बारे में।

### पिता के निधन के बाद बदला मां बेटी का जीवन

श्वेता शिवकुमार ने एक मीडिया प्लानर के रूप में करियर की शुरुआत की। दरअसल, साल 2012 में जब उनके पिता का निधन हुआ तो श्वेता शिवकुमार और उनकी मां जया एक दूसरे पर आश्रित हो गईं। श्वेता के पिता के लिवर में कुछ संक्रमण था, जिसके चलते लंबे समय तक चले इलाज के बाद उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। पिता के निधन पर जया के दूर के कजिन उनके घर आए, जिन्होंने श्वेता को नौकरी के बारे में जानकारी दी। एक बिजनेस मैगजीन में एड सेल्स डिपार्टमेंट में वैकेंसी थी। 24 साल की श्वेता ने नौकरी ज्वाइन कर ली। पहली नौकरी में 13 महीने और फिर दूसरी कंपनी में 6 से 7 महीने मीडिया प्लानिंग में काम करने पर श्वेता को महसूस हुआ कि ये काम उनके लिए नहीं।

### शुरू किया खुद का क्लोदिंग ब्रांड

काम के बीच में अक्सर श्वेता फैशन मैग्जीन और ब्लॉग देखती थीं और उन्हीं से प्रेरित होकर उन्होंने फैशन में हाथ आजमाने का फैसला लिया। हालांकि, शुरुआत में वह इसे लेकर ज्यादा आश्वस्त नहीं थीं, लेकिन ये उनकी मां जया ही थीं, जिन्होंने श्वेता को कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

मां का साथ मिलने पर श्वेता ने नौकरी छोड़ने का फैसला लिया और नया व्यवसाय शुरू  किया। श्वेता में अपने स्टार्टअप के लिए किसी दूसरे या बाहरी की मदद नहीं ली, बल्कि मां जया शिवकुमार ने उनका हाथ थामा। दोनों ने मिलकर एक क्लोदिंग ब्रांड कंपनी की शुरुआत की।आज यह क्लोदिंग ब्रांड देश का जाना-माना ब्रांड बन चुका है जो कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक और सूती कपड़ों का एक शानदार ब्रांड है।

श्वेता की फैशन में रूचि और जया के सिलाई में 20 साल के अनुभव ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। श्वेता डिजाइन और फैब्रिक पर काम करती हैं जबकि उनकी मां एग्जीक्यूशन का काम संभालती हैं। श्वेता के अनुसार, अगर उनके पिता की असामायिक मृत्यु नहीं होती तो वह कभी स्टार्टअप के लिए प्रेरित नहीं होतीं।

Maharashtra

# महायुति से अलग सुर छेड़ रहे अजित, योगी के 'बटेंगे तो कटेंगे' से बनाई दूरी; पीएम पर भी बोले

**मुंबई।** अजित पवार ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान से दूरी बना ली है। उन्होंने कहाकि कुछ बाहरी लोग इस तरह का बयान देते हैं। महाराष्ट्र के लोग सांप्रदायिक भावना बनाए रखने पर जोर देते हैं। भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र में महायुति उम्मीदवार के पक्ष में रैली कर रहे थे। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने अपने उम्मीदवार नवाब मलिक के प्रति एक बार फिर से खुले समर्थन का इजहार किया। पीएम मोदी द्वारा महायुति उम्मीदवारों के समर्थन में रैली किए जाने के सवाल पर अजित पवार ने कहाकि बारामती में उन्हें किसी अन्य के रैली की जरूरत नहीं है।



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने बिना योगी आदित्यनाथ का नाम लिए कहाकि किसी को भी हमारे प्रदेश की तुलना किसी अन्य प्रदेश से नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहाकि महाराष्ट्र के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव पर ध्यान दिया है। कुछ बाहरी लोग आते हैं और इस तरह के बयान देते हैं, लेकिन महाराष्ट्र ने कभी भी सांप्रदायिक भेदभाव को स्वीकार नहीं किया है। अजित पवार ने कहाकि हमारा प्रदेश छत्रपति शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब आंबेडकर की आइडियोलॉजी को फॉलो करता है।

इस दौरान अजित पवार ने अपने पार्टी उम्मीदवार नवाब मलिक के प्रति भी समर्थन जताया। उन्होंने कहाकि वह नवाब मलिक के लिए प्रचार करेंगे। मलिक को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था।

Himachal

## हिमाचल की नई पौध को खोखला कर रहा नशा... कई स्कूली छात्र भी ले रहे ड्रग्स; 204 स्कूलों में सर्वे



**शिमला, (एजेंसी)** पड़ोसी राज्यों से आ रहा नशा हिमाचल की नई पौध को बर्बाद कर रहा है। कई स्कूली बच्चे भी ड्रग्स ले रहे हैं। प्रदेश के 204 स्कूलों के साढ़े सात हजार छात्रों पर हुए सर्वे में 9.02 फीसदी किशोरों के इंजेक्शन से नशा लेने की बात सामने आई है।

नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती 15 से 30 साल के 1,170 युवाओं में से करीब 35% चिट्टे की लत के शिकार हैं। एक स्वयंसेवी संस्था और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के सर्वे में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था ने सरकार की निगरानी में 204 स्कूलों में पढ़ रहे 13 से 17 साल के किशोरों पर सर्वे किया। सर्वे में 7,563 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें 3,833 छात्र और 3,730 छात्राएं थीं। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार तंबाकू, धूम्रपान, भांग और शराब का ही नहीं, कई स्कूली बच्चे कोकीन, चिट्टा, हेरोइन और अफीम का भी सेवन कर रहे हैं। सर्वे में शामिल छात्रों में से करीब 9.02% ने सिरिंज से भी ड्रग्स लेने की बात स्वीकार की है।

12.41 फीसदी बच्चों ने बताया कि उनके दोस्त भी किसी न किसी प्रकार का नशा करते हैं। संस्था के स्टेट टीम लीडर डॉ. गौरव सेठी ने बताया कि 25 नवंबर 2022 को सर्वे शुरू किया गया था। करीब डेढ़ साल बाद जुलाई 2024 में इसकी रिपोर्ट शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है।

Jharkhand

## झारखंड में दर्दनाक हादसा, कोयल नदी में डूबे 6; 4 की मौत

**गढ़वा, (एजेंसी)** झारखंड में दर्दनाक घटनाएं सामने आई हैं। यहां दो अलग अलग जगहों पर डूबने से चार की मौत हो गई। मृतकों में सभी नाबालिग थे। मामला कोयल नदी में दो अलग-अलग जगहों पर तीन नाबालिग बच्चा सहित छह डूबे। भंड़रिया में डूबने से एक 17 वर्षीया किशोरी की मौत हो गई। वहीं मृतका के एक भाई और एक अन्य बच्ची को बचा लिया गया। बच्ची शव बरामद कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, छठ पूजा में पलामू के जपला से चेचरिया स्थित नानी के घर आज थे। अपने पिता के साथ चारपहिया वाहन से पूजा सामग्री लेने मोहम्मदगंज गये थे। लौटने के क्रम में भीम बराज के सात नंबर गेट के पास नहाने लगे। उसी क्रम में तीनों बच्चे डूबने लगे। उनमें पिता और शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने दो को बचा लिया। एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं मझिआंव थानांतर्गत मोरबे गांव में नहाने के क्रम में तीन बच्चे डूब गए। घटना गुरुवार एक बजे की है। डूबे बच्चों में मोरबे गांव निवासी अमरनाथ चंद्रवंशी के 4 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और उसका चचेरा भाई संजय चंद्रवंशी का पुत्र पीयूष कुमार के अलावा नसीम खलीफा की 12 वर्षीया पुत्री शामिल। सूचना पर पहुंची पुलिस खोजबीन में जुटी। अबतक उन्हें बरामद नहीं किया गया है।

Maharashtra

## आचार संहिता के बीच मुंबई पुलिस ने बरामद किए 2.30 करोड़, 12 लोगों की हुई गिरफ्तारी

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 23 नवंबर को चुनाव का रिजल्ट जारी होगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस ने दक्षिण मुंबई के कालबादेवी में 12 लोगों के पास से 2.3 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। शुक्रवार को अधिकारियों ने यह जानकारी साझा की। दरअसल गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। लोकमान्य तिलक मार्ग थाना पुलिस और निर्वाचन अधिकारियों ने गुरुवार की रात कुछ लोगों को रोका। अधिकारियों के मुताबिक, इन लोगों की जब तलाशी ली गई तो उनके पास से 2.3 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए।

तलाशी के दौरान नकदी लेकर जा रहे ये लोग न तो नकदी से संबंधित कोई डॉक्यूमेंट प्रस्तुत कर सके और न ही वे इतनी बड़ी रकम ले जाने का



कारण बता पाए। बता दें कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गठित निगरानी टीम नकदी, शराब और अन्य संभावित प्रलोभनों जैसी वस्तुओं को लेकर अलर्ट है। शुक्रवार को अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में सुबह तक कागजी कार्रवाई की गई। पूछताछ के बाद पैसे को जब्त कर लिया गया। वहीं नकदी ले जा रहे 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

खेल

# 24 चौके, नौ छक्के... श्रेयस अय्यर का चयनकर्ताओं को मुंहतोड़ जवाब, रणजी ट्रॉफी में जड़ा दोहरा शतक

**नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया बहुत जल्द रवाना होगी। इस सीरीज के लिए भारतीय चयनकर्ताओं ने श्रेयस अय्यर को टीम का हिस्सा नहीं बनाया है। अब स्टार खिलाड़ी ने अपनी धमाकेदार पारी से अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 29 वर्षीय बल्लेबाज ने रणजी में मुंबई और ओडिशा के बीच जारी मुकाबले के दूसरे दिन शानदार दोहरा शतक जड़ा।**

### 228 गेंदों में खेली 233 रनों की मजबूत पारी

इस मैच के पहले दिन अय्यर ने शतक जड़ा था। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 15वां शतक था। दूसरे दिन उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत 152



रनों के निजी स्कोर से की और 228 गेंदों में 233 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से कुल 24 चौके और नौ छक्के निकले। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का उच्चतम स्कोर भी रहा। अय्यर ने अपना दोहरा शतक 201 गेंदों में पूरा किया।

### लगातार दूसरे मैच में जड़ा शतक

अय्यर की मजबूत पारी के दम पर मुंबई 550 से अधिक रनों का स्कोर खड़ा कर चुकी है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ा। इससे पहले महाराष्ट्र के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने 142 रन बनाए थे। तीन साल के अंतराल के बाद यह उनके बल्ले से निकला पहला शतक है। साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने डेब्यू किया था और 105 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 13 चौके और दो छक्के निकले थे।

### टीम इंडिया में वापसी के लिए ठोकी दावेदारी

मुंबई का यह बल्लेबाज पिछले कुछ वक्त से टीम इंडिया से बाहर चल रहा है। आखिरी बार उन्हें भारत के लिए फरवरी में टेस्ट मुकाबला खेलते देखा गया था। तब से वह टीम में वापसी नहीं कर पाए। हालांकि, अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा जरूर बने थे। ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भी अय्यर को टीम में शामिल नहीं किया गया। अब उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में वापसी के लिए दावेदारी ठोक दी है।

सिनेमा

## 'क्राइम पेट्रोल' के मशहूर टीवी अभिनेता नितिन चौहान ने की आत्महत्या? 35 की उम्र में निधन



मशहूर टीवी अभिनेता नितिन चौहान आज हमारे बीच में नहीं रहे। उन्होंने किसी वजह से आत्महत्या की है। यह जानकारी नितिन के पूर्व सह-कलाकार ने एक पोस्ट के जरिए दी है। रियलिटी शो दादागिरी 2 के विजेता और मशहूर हुए टीवी एक्टर नितिन चौहान का गुरुवार को मुंबई में निधन हो गया। वह सिर्फ 35 साल के थे। यूपी के अलीगढ़ जिले के रहने वाले थे नितिन। नितिन ने दादागिरी 2 शो के अलावा स्प्लिट्सविला का सीजन 5 भी जीता था।

अभिनेता नितिन यूपी के अलीगढ़ के रहने वाले थे और उन्होंने 'दादगिरी 2 रियलिटी शो जीतकर काफी पहचान बनाई थी। इसके अलावा, उन्होंने दर्शकों के बीच में अपने अभिनय के द्वारा अपनी खास जगह बनाई थी। नितिन ने 'जिंदगी डॉट कॉम', 'क्राइम पेट्रोल' और 'फ्रेंड्स' जैसे टीवी शो में भी काम किया था और 'क्राइम पेट्रोल' से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी।

## Highlights

1. **Haryana announces free cataract surgeries at all govt hospitals**
2. **2 village defence guards kidnapped and killed by terrorists in J&K**
3. **Mangaluru Police arrest two suspects in cattle theft investigation**
4. **Bengaluru couple arrested for murder of teenage nanny**
5. **Will remain undeterred: Australia Today on Canada's ban after Jaishankar presser**
6. **Air quality in Delhi worsens as AQI in several areas nears 450**

# Jet Airways' 1.43 lakh retail shareholders stare at wipeout after Supreme Court liquidation order

**NEW DEIHI, (Agency).** The 1.43 lakh retail shareholders of Jet Airways are now staring at a complete wipeout of their investments after the Supreme Court ordered the troubled airline's liquidation on Thursday, November 8, rejecting the Jalan Kalrock consortium's takeover bid.

According to exchange data, retail investors (who invested under ₹2 lakh) currently own 19.29% of Jet Airways (India) Ltd shares.

This amounts to 1,43,894 shareholders owning 2,19,12,441 shares in the company, meaning that the retail shareholders own ₹74,58,99,491.64 (₹74.59 crore) in Jet Airways shares



as a whole.

The company's shares had closed at ₹34.04 on the Bombay Stock Exchange (BSE) after the November 8 trading session. This was a drop of 1.79 points or 5%.

The company's promoter, Naresh Goyal (the founder and chairman), owns 24.99% of the shares. Other major shareholders include Punjab National Bank, which holds 26.01%, and Etihad Airways, which holds 24%.

Other shareholders include the Life Insurance Corporation of India (LIC) which owns 2.07%, foreign portfolio investors who own just 0.01%, and NRIs who own 0.96%.

# एवीपी इंफ्राकोन ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही में शानदार 75% वृद्धि की रिपोर्ट दी

**मुंबई।** कॉन्सेप्टलाइजेशन से समापन तक परियोजनाओं का व्यवस्थापन करने वाली कंस्ट्रक्शन सिविक सुविधाओं और अनेक क्षेत्रों में कमर्शियल और आवासीय परियोजनाओं के निर्माण में अपने अनुकूलित निष्पादन के लिए विख्यात एक वर्सेटाइल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी, एवीपी इंफ्राकोन लिमिटेड (एनएसई : एवीपीइंफ्रा) ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है.

**मुख्य वित्तीय विशेषताएं-** वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही की कंसोलिडेटेड मुख्य वित्तीय विशेषताएं- ऑपरेशंस की आय 63.05% वार्षिक बढ़कर 109.22 करोड़ हुई. एबिटडा 63.19% वार्षिक बढ़कर 23.95 करोड़ हुआ. एबिडटा मार्जिन 2 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 21.92% हुई. शुद्ध लाभ 75.37% वार्षिक बढ़कर 12.76 करोड़ हुआ.शुद्ध लाभ मार्जिन 83 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 11.83% हुई.ईपीएस 26.39% वार्षिक बढ़कर 5.11 हुई. वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही की स्टैंडअलोन मुख्य वित्तीय विशेषताएं- ऑपरेशंस की आय 51.84% वार्षिक बढ़कर 95.89 करोड़ हुई. एबिटडा 71.36% वार्षिक बढ़कर 23.15 करोड़ हुआ. एबिटडा मार्जिन 275 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 24.14% हुई. शुद्ध लाभ 75.38% वार्षिक बढ़कर 12.75 करोड़ हुआ. शुद्ध लाभ मार्जिन 179 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 13.30% हुई. . ईपीएस 26.49% वार्षिक बढ़कर 5.11हुई.

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, एवीपी इंफ्राकोन लिमिटेड के एमडी, श्री प्रसन्ना धनदयुथपानी ने कहा, "हम सहर्ष वित्त वर्ष 25 की प्रथम छमाही में कई प्रमुख परियोजना प्राप्त होने और ठोस ऑपरेशनल प्रदर्शन द्वारा चालित मजबूत ग्रोथ की रिपोर्ट देते हैं. नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और सीडीआर एंड कंपनी कंस्ट्रक्शंस से प्राप्त नए कॉन्ट्रैक्ट से हमारे मोमेंटम ने उल्लेखनीय रूप से योगदान दिया. रोड इंफ्रास्ट्रक्चर में हमारी मुख्य मजबूती के अनुरूप इन परियोजनाओं ने हमारे प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो को और विविधीकृत किया है.

# Bill Gates congratulates Donald Trump, JD Vance after reported Harris support: 'I hope we can...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Big names in the tech industry rushed to congratulate Donald Trump on his victory in the US presidential election over Kamala Harris. Bill Gates is the latest tech mogul to enter that list. He shared his congratulatory message on several social media platforms, including Threads, Instagram, and X.

What did Bill Gates post?

"Congratulations to President Trump and VP-elect Vance," the Microsoft



co-founder wrote. He then expressed his hope of working with the president in the future to improve the lives of US citizens. "America is at its strongest when we use ingenuity and innovation to improve lives here in the US and around the world. I hope we can work together now to build a brighter future for everyone," Bill Gates added.

Reported donation to Kamala Harris: According to a report by the New York Times, Gates donated over $50 million to a non-profit which supported Kamala Harris. His ex-wife Melinda French Gates openly endorsed Harris during the election campaigns, calling her the "right candidate, right now".

What did other bigwigs post?

Satya Nadella- Besides Bill Gates, Satya Nadella, Chairman and CEO at Microsoft, also congratulated Trump on his historic win. "Congratulations, President Trump, we're looking forward to engaging with you and your administration to drive innovation forward that creates new growth and opportunity for the United States and the world," he wrote.




इंदौर। बिचौली मर्दाना इलाके में आज सुबह नगर निगम की टीम ने अवैध निर्माण ढहाने की कार्रवाई की।

# एयर गन से कुत्तों पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था ने कुत्तों पर हमला करने के दो मामलों में शिकायत की है। कनाडिया पुलिस ने पशु क्रुरता अधिनियम के तहत गुरुवार रात केस दर्ज किया हैं। वहीं पलासिया थाने में संस्था ने लिखित शिकायत कर पुलिस को एक आरोपी के नाम से आवेदन और उसका वीडियो दिया है।**

पीपुल्स फॉर संस्था की इंदौर इकाई की अध्यक्ष प्रिंयाशु जैन की शिकायत पर कनाडिया पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रिंयाशु ने बताया कि उनके मोबाइल पर कार्तिक नाम के लडक़े का कॉल आया। उसने बताया कि इलाके के गुलमर्ग कॉलोनी में स्ट्रीट डॉग पर एक व्यक्ति ने छर्रे वाली बंदूक से हमला किया है। जिसमें एक कुत्ते के पैर में चोट आई है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर कुत्ते को शासकीय अस्पताल भेजा गया। इधर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### वीडियो बनाकर पुलिस को दिया

प्रियांशु जैन ने रात में पत्रकार चौराहे पर गोल्डी जयसवाल नाम के युवक द्वारा कुत्तों पर एअर गन से फायर कर उन्हें मारने और भयभीत करने के मामले में पलासिया पुलिस को शिकायत की है। प्रिंयाशु ने बताया कि शिकायत मिली तो वह रात में ही पहुंची थी, जिसमें गोल्डी एअर गन लेकर कुत्तों को मार रहा था। संस्था की ओर से उसका वीडियो बनाकर भी पुलिस को दिया गया है।

# चाकू से हमला कर युवक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में एक युवक की गुरुवार रात हत्या कर दी गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। हत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक और आरोपी परिचित ही हैं। दोनों का पहले से विवाद था। इसी रंजिश के चलते हत्या की गई है।

टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि घटना न्यू जगदीश नगर की है। यहां रहने वाले 22 वर्षीय प्रिंस गौर पर आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोपी उसके घर के पास ही रहते हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 पर कॉल करके एम्बुलेंस को बुलाया। एम्बुलेंस से उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। यहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी भी खंगालने की बात पुलिस कह रही है।

### 2 नाबालिगों ने बुजुर्ग को मार डाला

उधर, शहर में हत्या का दूसरा मामला सामने आया है। बाणगंगा के बाद आजाद नगर में दो नाबालिग ने एक बुजुर्ग की सिर पर टाइल्स का टुकड़ा मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है, देर रात पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नर्मदा प्रसाद (60) पिता बाबूलाल मीणा निवासी कोमल ऑयल मिल के पास शिव नगर पर दो नाबालिग ने गुरुवार रात करीब 12 बजे टाइल्स के टुकड़े से हमला कर दिया। नर्मदा प्रसाद को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग के बेटे संजय मीणा ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी काले रंग की पल्सर से यहां आए थे। किराने की दुकान से सिगरेट ली और हमारे घर के बाहर लगी खाट के यहां पर सिगरेट पी रहे थे। पिता ने उन्हें रोका ओर सिगरेट पीने के लिये मना किया था। इस बात से आरोपी वहां से नाराज हुए ओर चले गए लेकिन उन्होंने कुछ देर बाद आकर पिता के सिर पर टाइल्स का टुकडा मार दिया, जिसमें वह डीपी के पास गिर गए। आसपास के लोगों ने उसे बताया तो तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर गया था। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### बंडा बस्ती से हटेगा अतिक्रमण, स्टे की अपील खारिज

**इंदौर।** समीपस्थ महू में कैंटबोर्ड ने बंडा बस्ती में ब्रॉडगेज लाइन डालने के लिए रेलवे विभाग को भूमि दी थी। उक्त भूमि पर 24 अतिक्रमण है। जिन पर छावनी परिषद इस्टेट ऑफिसर द्वारा खाली करने के लिए आदेश जारी किए थे। इसमें 8 अतिक्रमणकर्ताओं ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरूद्ध न्यायालय में अपील की थी। जिसमें स्थगन आदेश की मांग की थी। उक्त प्रकरण में अतिक्रमणकर्ता की मांग को अस्वीकार कर दिया है। साथ ही न्यायालय द्वारा बंडा बस्ती की विवादित भूमि के विरूद्ध की गई अपीलों को भी निरस्त कर दिया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक